पुलिस उपायुक्त कार्यालय, जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक 22.04.2024

विषय:-थाना रामनगर पुलिस द्वारा नाजायज गांजा के साथ एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के आदेश के अनुपालन में अपराधों की रोकथाम, वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के नेतृत्व में दिनांक-22-04-2024 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रेहान पुत्र स्व0 तालिब निवासी साहित्यनाका मोती मस्जिद के पास थाना रामनगर वाराणसी को 52 बिगहा वाली रोड पर दुर्गा मन्दिर पोखरा के पास से गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 1.183 किलोग्राम गांजा बरादमग किया जिसके संबंध में थाना रामनगर पर मु0अ0सं0 0064/2024 धारा 8 / 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया।

घटना का विवरण------- दिनांक 22/04/2024 को वादी मुकदमा उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्र के लिखित फर्द के आधार पर नामजद अभियुक्त रेहान पुत्र स्व0 तालिब निवासी साहित्यनाका मोती मस्जिद के पास थाना रामनगर वाराणसी के पास से 1.183 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त रेहान उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0064/2024 धारा 8 / 20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-

रेहान पुत्र स्व0 तालिब निवासी साहित्यनाका मोती मस्जिद के पास थाना रामनगर वाराणसी पूछताछ में बताया कि साहब यह जो अवैध गांजा मेरे पास से बरामद हुआ है। गांजा बेचकर मैं अपना जीविकोपार्जन करता हूँ। मुझसे गलती हो गयी। मुझे माफ कर दीजिए अब ऐसी गलती दोबारा नही करूंगा।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

रेहान पुत्र स्व0 तालिब निवासी साहित्यनाका मोती मस्जिद के पास थाना रामनगर वाराणसी 22 वर्ष

<u>बरामदगी-</u> 1.183 किलोग्राम गांजा

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1- उ0नि0 श्री घनश्याम मिश्र चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 श्री कौशलेन्द्र बहादुर सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 उमाकान्त चौबे थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

4- का0 गंगा प्रसाद वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी कमि वाराणसी